PUBLICATION NAME :	Sandhya Prakash (Bhopal)
DATE :	25/07/2023
PAGE :	6

ईडीआईआई ने रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के सहयोग से भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया

अहमदाबाद। भारत की जी20 अध्यक्षता में युवाओं को शामिल करने और इस दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रयासों के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) के सहयोग से आयोजित इस सेशन में फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4.0, इनोवेशन और 21वीं सदी के कौशल पर गहन विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम का आयोजन युवाओं को विविधता और समावेशन पर सार्थक चर्चा, नॉलेज शेयरिंग और एडवोकेसी के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए किया गया था, इस प्रकार उन्हें इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील बनाया गया।